संचिका संख्या-17/विविध -1-56/12 - 1045(17)

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

व्यास जी
सरकार के प्रधान सचिव ।

सेवा में,

अधीक्षक,
सभी चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल/
निदेशक, इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान
संस्थान, पटना ।
निदेशक, इंदिरा गांधी हृदय रोग
संस्थान, पटना ।

पटना, दिनांक- 14.8.2012

विषयः- प्रातः एवं संध्या कालीन पाली में चिकित्सकों का वार्ड में भ्रमण सुनिश्चित कर प्रतिवेदित करने के संबंध में ।

महाशय,

सूचना प्राप्त हो रही है कि राज्य के कतिपय चिकित्सा संस्थानों में भर्ती मरीजों की देखभाल में कतिपय यूनिट प्रभारी एवं उनकी टीम द्वारा अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है । इसका एक कारण यह है कि भर्ती मरीजों के वार्ड में संबंधित यूनिट प्रभारी एवं उनकी टीम के चिकित्सक नियमित रूप से प्रातः कालीन एवं संध्याकालीन राउंड पर नहीं जा रहे हैं । सरकार की मंशा है कि चिकित्सा संस्थानों में पधारे मरीजों की चिकित्सा पर संबंधित द्वारा मनोयोग पूर्वक ध्यान दिया जाए । इसी दृष्टिकोण से ओ0पी0डी0 एवं इमरजेन्सी में पधारे मरीजों की सुविधा के लिए चिकित्सकों की उपस्थिति का गहन एवं सतत् अनुश्रवण विभाग द्वारा किया जा रहा है ।

इसी क्रम में भर्ती मरीजों के वार्ड में प्रातः एवं संध्याकालीन राउंड में यूनिट प्रभारी एवं उनकी टीम द्वारा किए जाने वाले राउंड के गहन एवं सतत् अनुश्रवण का निर्णय लिया गया है । अतएव अनुरोध है कि संलग्न प्रपत्र I एवं II में क्रमशः प्रातः कालीन एवं संध्याकालीन राउंड के संबंध में चिकित्सकों की उपस्थिति विवरणी अनिवार्य रूप से विभाग में भेजना सुनिश्चित किया जाए ।

प्रातः कालीन राउंड की उपस्थिति की सूचना उसी दिन 3.00 बजे उपराह्न तक फैक्स से विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित की जाए । संध्याकालीन राउंड में चिकित्सकों की उपस्थिति अगले दिन पूर्वाह्न 9:30 बजे तक फैक्स से विभाग को प्रतिवेदित की जाए ।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा ।

विश्वासभाजन

(व्यास जी)
सरकार के प्रधान सचिव

1045(17)
14.8.12

प्रपत्र I

भर्ती मरीजों के वार्ड में प्रातः कालीन राउंड से संबंधित चिकित्सकों की उपस्थिति विवरणी
संस्थान का नामः- दिनांकः-

क्र0 सं0	विभाग	यूनिट प्रभारी एवं उनकी टीम के चिकित्सकों का नाम एवं पदनाम	प्रातः कालीन राउंड का निर्धारित समय	प्रातः कालीन राउंड संबंधी उपस्थिति		यदि यूनिट के कोई चिकित्सक राउंड में नहीं आ पाए हो तो कारण
1	2	3	4	5		6
				आगमन का समय	प्रस्थान का समय	

अधीक्षक का नाम
हस्ताक्षर

नोट : उक्त सूचना आज ही 3 बजे अपराह्न तक स्वास्थ्य विभागीय फैक्स सं 0612-2217608 पर अनिवार्य रूप से भेज दी जाय ।

1045(17)
14.8.12

प्रपत्र II

भर्ती मरीजों के वार्ड में संध्याकालीन राउंड से संबंधित चिकित्सकों की उपस्थिति विवरणी
संस्थानः- दिनांकः-

क्र0 सं0	विभाग	यूनिट प्रभारी एवं उनकी टीम के चिकित्सकों का नाम एवं पदनाम	संध्याकालीन राउंड का निर्धारित समय	संध्याकालीन राउंड संबंधी उपस्थिति		यदि यूनिट के कोई चिकित्सक राउंड में नहीं आ पाए हो तो कारण
1	2	3	4	5		6
				आगमन का समय	प्रस्थान का समय	

अधीक्षक का नाम
हस्ताक्षर

नोट : उपरोक्त सूचना अगले दिन 9.00 बजे पूवाह्न तक स्वास्थ्य विभागीय फैक्स सं 0612-2217608 पर अनिवार्य रूप से भेज दी जाय ।